मीरजापुर पुलिस
प्रेस नोट
दिनांकः 07.07.2024

थाना अदलहाट व एस.ओ.जी./सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अनुमानित कीमत ₹ 15 लाख के गांजा व तस्करी में प्रयुक्त वाहन (स्वीफट डिजायर कार) के साथ 02 गांजा तस्कर गिरफ्तार—

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनन्दन" द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ , अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं ।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाकर की जा रही कार्यवाही में थाना अदलहाट पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है । दिनांकः 06.07.2024 थाना अदलहाट पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबीर की सूचना के आधार थाना अदलहाट क्षेत्रांतर्गत रसुलागंज चौराहा के पास से 02 गाँजा तस्कर 1. मोहम्मद शादाब पुत्र अब्दुल रसीद निवासी टेकउर थाना चुनार जनपद मीरजापुर व 2. अली इमाम पुत्र अस्करी निवासी टेकउर थाना चुनार जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तो के स्वीफट डिजायर कार के पीछले सीट व डिग्गी से 03 बोरे व 01 बैग में कुल 52.900 किलो ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अदलहाट पर मु0अ0सं0-137/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है । गांजा परिवहन में प्रयुक्त स्वीफट डिजायर कार संख्या UP 65 DT 3637 को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया ।

विवरण पूछताछ —

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोगों द्वारा उड़ीसा से मांग के अनुसार गांजा लाकर आसपास के जनपदों में विभिन्न स्थानों पर सप्लाई की जाती है तथा गांजा बिक्री के पैसे को आपस में बांटकर भौतिक सुख सुविधाओं का लाभ लेते है ।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त —

1. मोहम्मद शादाब पुत्र अब्दुल रसीद निवासी टेकउर थाना चुनार जनपद मीरजापुर, उम्र करीब 35 वर्ष ।
2. अली इमाम पुत्र अस्करी निवासी टेकउर थाना चुनार जनपद मीरजापुर उम्र करीब 30 वर्ष ।

बरामदगी विवरण —

52.900 किलो ग्राम अवैध गांजा
गांजा परिवहन में प्रयुक्त स्वीफट डिजायर कार संख्या UP 65 DT 3637

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0स0-137/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर ।

गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समय —

थाना अदलहाट क्षेत्रांतर्गत रसुलागंज चौराहा के पास से, दिनांकः 06.07.2024 को समय करीब 19.45 बजे ।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र भूषण मौर्य थाना अदलहाट मीरजापुर मय पुलिस टीम ।
निरीक्षक राजीव कुमार सिंह प्रभारी एसओजी मय पुलिस टीम ।
उप निरीक्षक मानवेन्द्र सिंह प्रभारी सर्विलांस मय पुलिस टीम ।